## महत्वपूर्ण एवं खास

### रेल परियोजना में प्रभावित किसानों के लिए सुनवाई 19 सितम्बर को

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रेल परियोजना बरोद फीडर रेल लाइन- 1 ग्राम, 0 से 74 कि.मी.पूरक (खरसिया से धरमजयगढ़)-10 ग्राम एवं 0 से 8 कि.मी. पूरक (घरघोड़ा से गारेपेलमा)-15 ग्रामों के रेल लाईन निर्माण के लिए निजी भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही भारतीय रेल अधिनियम के अनुसार की जा रही है। इस संदर्भ में जिन कृषकों द्वारा आपत्ति प्रस्तुत किया गया है अथवा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना है इसके लिए सुनवाई 19 सितम्बर 2019 को पूर्वान्ह 11 बजे न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर रायगढ़ कक्ष क्रमांक 16 में निर्धारित की गई है। यदि किसी हितबद्ध कृषक को किसी प्रकार से जानकारी प्राप्त करना हो तो वह स्वयं सुनवाई में भाग ले सकता है।

### रेल परियोजना उरगा से धरमजयगढ़ रेल लाईन निर्माण के लिए सुनवाई 20 सितम्बर को

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रेल परियोजना उरगा से धरमजयगढ़ रेल लाईन निर्माण में प्रभावित अनुविभाग धरमजयगढ़ के ग्राम धस्कामुड़ा, महाराजगंज, जोगड़ा, हाटी, सिथरा, खडग़ांव, कोयलार एवं बायसी कालोनी की निजी भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही भारतीय रेल अधिनियम के अनुसार की जा रही है। इस संदर्भ में जिन कृषकों द्वारा आपत्ति प्रस्तुत किया गया है अथवा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना है इसकी सुनवाई 20 सितम्बर 2019 को पूर्वान्ह 11 बजे से न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर रायगढ़ कक्ष क्रमांक 16 में निर्धारित है। यदि किसी हितबद्ध कृषक को किसी प्रकार से जानकारी प्राप्त करना हो तो वह स्वयं सुनवाई में भाग ले सकता है।

### जिले में 1064.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रायगढ़ जिले में 12 सितम्बर तक 1064.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 33.8 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1216.9 मिली मीटर, पुसौर में 1263.6, खरसिया में 841.1, सारंगढ़ में 988.4, बरमकेला में 1161.5, घरघोड़ा में 1032.9, तमनार में 970.2, लैलूंगा में 1015.8 तथा धरमजयगढ़ तहसील में 1088 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## अनपढ़ आदिवासी महिला का दैहिक शोषण, अपराध हुआ दर्ज

**दैनिक न्याय साक्षी के लिए संदीप नानकानी की रिपोर्ट**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** अनपढ़ आदिवासी महिला रानी (बदला हुआ नाम) रैन डीपा ढिमरापुर चौक की निवासी है, जो कि अपनी वृद्ध माता के साथ रहती है, और जीवन यापन के लिए रोज़ी मज़दूरी का काम करती है, रानी के घर के पास ही राजेश राय नामक व्यक्ति रहता है जिसने अपने प्यार का इज़हार रानी से किया और जीवन भर साथ निभाने का भरोसा दिला कर लम्बे समय तक शारीरिक एवं दैहिक शोषण किया।



इसी बीच 1 जनवरी 2007 में राजेश ने चंद्रहंसिनी मंदिर में रानी की मांग में सिन्दूर भर और गले मे माला डालकर गंधर्व विवाह किया, उसके बाद लगातार शारीरिक संबंध स्थापित किया। राजेश ने रानी को समाज के सामने अपनी पत्नी के तौर पे दर्जा नही दिया। इसी बीच 2012 में राजेश ने दूसरा विवाह कर लिया, जिसका रानी द्वारा विरोध किया गया तो उसे इतनी बुरी तरह से पीटा गया कि उसका पैर टूट गया और उसका आपरेशन कराया गया जिसका खर्च रानी ने स्वयं वहन किया।

रानी द्वारा खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित होने सम्बंधी और बार-बार राजेश से कहने पर भी पत्नी का दर्जा न पाने पर, और राजेश के द्वारा द्वितीय विवाह करने सम्बंधी कृत्य को सामाजिक न्याय संघ के माध्यम से पुलिस के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिससे कि अपराधी राजेश राय पर आई.पी.सी 376 के तहत् मामला पंजीबद्ध किया गया है, और वर्तमान में मामला पुलिस के समक्ष विवेचना में है। खबर मिलने तक अपराधी की गिरफ्तारी नही हो पाई है।

## फरहान साबरी ने अपनी बेहतरीन गायकी से श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** देश के सुप्रसिद्ध प्लेबैक सिंगर फरहान साबरी ने अपनी बेहतरीन गायकी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। देर रात तक उनके गीतों ने दर्शकों को बांधे रखा। उन्होंने देवा गणेशा तेरी भक्ति का वरदान है, मौला मेरे मौला, भर दे झोली मेरी या मोहम्मद, जुग जुग जीवे मेरा मुर्शिद, तु मेरी जान है, नित खैर मंगा, तेरी दीवानी, तुम्हे दिल्लगी भूल जानी पड़ेगी, छाप तिलक सब छीनी, झूले लाल सहित एक से बढ़कर एक गीत सुनाए। शास्त्रीय गायिका पद्मश्री सुमित्रा गुहा के गायन ने मोहित किया।

उन्होंने मैं तो सांवरे रंग रची, जो सुख पाएंगे राम भजन में गीत सुनाए। कथक नृत्यांगना ईशा पांडेय के कथक ने समा बाँधा। इस अवसर पर कलेक्टर यशवंत कुमार, जिला पंचायत सीईओ सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी सहित गणमान्य नागरिक एवं जनसामान्य उपस्थित थे।

## नेशनल लोक अदालत 14 सितम्बर को

### पक्षकारों के लिए निःशुल्क बस सेवा की सुविधा

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 सितम्बर को किया जाएगा। जिला एवं तहसील न्यायालयों में आयोजित सभी मामलों पर नेशनल लोक अदालत में राजीनामा हेतु आने वाले पक्षकारों को समग्र यात्री जन कल्याणी एवं सेवा समिति, रायगढ़ तथा समस्त बस ऑपरेटरों के द्वारा निःशुल्क बस सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अतिरिक्त न्यायालय परिसर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।

## छात्र-छात्राओं को डेंगू से बचाव एवं लक्षण के बारे में दिया गया प्रशिक्षण

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन में एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टी.जी.कुलवेदी के दिशा-निर्देश में डेंगू मलेरिया एवं अन्य विषय पर गत दिवस मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के आरोग्यम कक्ष में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.राकेश वर्मा ने प्रशिक्षण में डेंगू, मलेरिया एवं अन्य बीमारियों से बचने हेतु स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पाम्पलेट वितरण के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग एवं महाविद्यालय के छात्र प्रमुखों के समन्वय से डेंगू के बचाव के लिए भी प्रचार-प्रसार करने के लिए कहा है।



## लायनेस क्लब आफ रायगढ़ सिटी द्वारा शिक्षक दिवस मनाया गया







**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रायगढ़ सिटी ने ने अपनी गोदली साला इंदिरा गांधी प्राथमिक शाला मैं शिक्षकों का सम्मान कर मनाया। सर्वप्रथम गरिमा पुणे हर्षोल्लास के साथ डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन पर सभी सदस्यों के साथ सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सम्मान किया एवं बच्चों को राधाकृष्णन के जीवन वाह उनके उद्देश्यों के बारे में निश्चित रूप से बताया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से सबका मन मोह लिया उन बच्चों को टिफिन बॉटल पुरस्कार में दिया गया।

गणेश क्लब के अध्यक्ष किरण उरांव जी के तरफ से 10 डेस्क टेबल व बेंच स्कूल को दिया गया क्योंकि वहां सभी बच्चे टाट पट्टी पर बैठते थे डेस्क बेंच पाकर बच्चों के साथ साथ शिक्षक व शिक्षिका भी खुश हुए हैं।

स्कूल के शिक्षक हरिशंकर तिवारी जी माध्यमिक शाला प्रधान पाठक, तिलक राम पटेल जगत राम जाफरी शिक्षक एलबी, श्रीमती शशि कला भारद्वाज, श्रीमती आशा किरण साहू, श्रीमती चंद्रप्रभा राठौर, श्रीमती रश्मि केरकेटा, पवन कुमार जोगी, सभी को श्रीफल पेन भेंट स्वरूप दिया गया।

तत्पश्चात हमने साईं श्रद्धा होटल में अपनी संस्था की सभी शिक्षिकाओं का सम्मान किया व साथ साथ पर्वतारोही कुमारी यशी जैन जिन्होंने पिछले वर्ष माउंट एवरेस्ट का बेस कैंप वह इस वर्ष06-07-19 को माउंट एल्ब्रस से भारत का तिरंगा फहराया व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं स्वच्छ भारत का नारा भारत की ओर से पूरे विश्व को दिया, उनका भी सम्मान कर हम लायनेस सदस्य बेहद गौरवान्वित महसूस किए, सर्वप्रथम हमने मेल्विन जोंस व डॉक्टर राधाकृष्णन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया सभी शिक्षिकाओं एवं कु. यासी जैन को रोली टीका लगाया व श्रीफल, कलम, महापुरुषों की जीवनी यूनी पुस्तक उनको तोहफे के रूप में दिया। सभी शिक्षिकाओं के व यशी जैन के अनमोल विचारों एवं अनुभव को आत्मसात किया।

इन सब की उपस्थिति सराहनीय रही, ला. सीबी वर्मा, ला. प्रीति षड़ंगी, ला विनीता पांडे, ला. रश्मि यादव, ला. श्वेता तिवारी. ला. किरण उराव, ला. मृदुला जायसवाल ला. प्रमिला चोपड़ा, ला. विपुला मिश्रा, ला. प्रभा चौबे, ला. अलका जैन, ला. अर्चना मिश्रा, ला. रीता पांडे, ला. ईश्वरी अग्रवाल, ला. सरिता विश्वकर्मा इन सब की उपस्थिति सराहनीय रही।


SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कृष्ण सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐश्वर्या श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, बच्चों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU



CAREER HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL
**CAREER SCHOOL**
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...
**ADMISSION OPEN**
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session
Tarun 90% Yamini 98% Shraddha 93% Priyanka 96% Prerna 84% Hitendra 99% Alankrita 90% Geetanjali 99% Chetna 94% Arpita 93% Arpita 98% Rakesh 97% Sejal 88% Shiva 97%



Topper Students Last Session
Sushant 92% Prince 97% Kusum 98% Abhishek 99% Aayush 93% Prachi 97% Tulika 96% Pari 96% Aradhya 97% Ananya 99% Ashish 96% Ankita 99%
Join CAREER...

**Major Facts**
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359



**तत्काल आवश्यकता है**
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090



स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHHHIN/2018/76480